# Application Process for Ph.D. Programs at CUH Begins

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 06-12-2024**

# हकेंवि में पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 5 दिसंबर से शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदक 23 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दाखिला पोर्टल की



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय। स्रोत : विवि

शुरुआत पर कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन,

### आवेदक 23 दिसंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है।

प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न 31 विभागों में कुल 200 पीएचडी की सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 23 दिसंबर तक चलेगी। 28 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा छह पाठ्यक्रमों होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नालॉजी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए 30 दिसंबर को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 जनवरी को होगा। इन छह पाठ्यक्रमों में गेट/जीपीएटी के अंतर्गत आने वाले आवेदक इस प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त होंगे। पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 13 जनवरी से शुरू होंगे। सीटें रिक्त रहने पर दूसरी सूची 20 जनवरी को जारी की जाएगी।

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं परिषद शाखा के सहायक कुलसचिव डॉ. अमित कुमार ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय विभिन्न विभागों के प्रमुख, शिक्षक व अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 06-12-2024**

# हकेंवि में पीएचडी की 200 सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया हुई शुरू

## 23 तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 5 दिसम्बर से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदक 23 दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दाखिला पोर्टल की शुरूआत की। प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विवि के विभिन्न 31 विभागों में कुल 200 पीएचडी की सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 23 दिसम्बर तक चलेगी। 28 दिसम्बर को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा छह पाठ्यक्रमों होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए 30 दिसम्बर को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 06-12-2024**

# पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

संवाद सहयोगी जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया बृहस्पतिवार से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदक आगामी 23 दिसंबर तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दाखिला पोर्टल की शुरुआत पर कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है।

दाखिला पोर्टल की शुरुआत के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने दाखिला प्रक्रिया की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया। प्रो. फूल सिंह ने दाखिला प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न 31 विभागों में कुल 200 पीएचडी की सीटों पर दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 23 दिसंबर तक चलेगी।

आगामी 28 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा छह पाठ्यक्रमों होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए 30 दिसंबर को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 जनवरी को होगा। इन छह पाठ्यक्रमों में गेट/जीपीएटी के अंतर्गत आने वाले आवेदक इस प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त होंगे। पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 13 जनवरी से शुरु होंगे और सीटें रिक्त रहने पर दूसरी सूची 20 जनवरी, 2025 को जारी की जाएगी।

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 06-12-2024**

### आवेदक 23 दिसंबर तक कर सकते हैं आनलाइन पंजीकरण

## हकेंवि में पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया पांच दिसंबर से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदक आगामी 23 दिसंबर तक आनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दाखिला पोर्टल की शुरूआत पर कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युवाओं के अध्ययन-अध्यापन, अनुसंधान, नवाचार व कौशल विकास की दिशा में प्रयासरत है। शोधार्थी किसी भी विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्त्वपूर्ण सहभागी होते हैं। अवश्य ही इस दाखिला प्रक्रिया के माध्यम से विश्वविद्यालय को ऐसे ही योग्य, परिश्रमी शोधार्थी प्राप्त होंगे। दाखिला पोर्टल की शुरूआत के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने दाखिला प्रक्रिया की शुरूआत पर हर्ष व्यक्त किया। प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न 31 विभागों में कुल 200 पीएचडी की सीटों पर दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आगामी 23 दिसम्बर तक चलेगी। आगामी 28 दिसम्बर को प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त आवेदकों की सूची जारी की जाएगी। विवि द्वारा छह पाठ्यक्रम होटल मैनेजमेंट, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और फार्मास्युटिकल साइंसेज के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए 30 दिसंबर को प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 जनवरी 2025 को होगा। इन छह पाठ्यक्रमों में गेट, जीपीएटी के अंतर्गत आने वाले आवेदक इस प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त होंगे। पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार 13 जनवरी से शुरू होंगे और सीटें रिक्त रहने पर दूसरी सूची 20 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी।



महेंद्रगढ़। पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले का पोर्टल लांच करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि